सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7524	07.07.2023	10.07.2023	Sitamarhi Bihar	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/bihar/bihar-news-students-of-this-school-fell-ill-after-consuming-mid-day-meal-in-sitamarhi-2023-07-08
Title:	**100 School students fell ill after consuming mid-day meal in Sitamarhi, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Sitamarhi, SSU- Bihar			

सीतामढ़ी में मिड डे मिल का खाना खाकर करीब 100 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालांकि, सभी की हालत खतरे से बाहर है। घटना बथनाहा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय विष्णुपुर की है। स्कूली बच्चों का आरोप है कि शनिवार को विद्यालय में भोजन बन रहा था। खाना बनाने के वक्त खाने में गिरगिट गिर गया। विद्यालय के रसोइया द्वारा उसी खाना को हमलोगों को दिया गया है। हालांकि, उस समय किसी बच्चे के कुछ नहीं हुआ, लेकिन घंटे भर के बाद गांव के बच्चों की स्थिति खराब होने लगी।

इधर, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार का कहना है कि रसोईया के गलती से खाने में आलू का छिलका गिर गया था, जिसको बच्चों ने गिरगिट समझ लिया। बथनाहा पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एसपी झा ने बताया कि बच्चों की स्थिति ठीक-ठाक है। किसी बच्चों में कोई भी दिक्कत नहीं पाई गई है।

बच्चों का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा

ग्रामीणों का कहना है कि मिड डे मिल का खाना खाने बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। किसी को उल्टी हो रहा तो किसी का पेट खराब हो गया। इसके बाद भोजन करने वाले सभी बच्चों को भर्ती करवाया गया। फिलहाल सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है। घटना के बाद से गांव और अस्पताल में

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

हाहाकार मचा हुआ है। हालांकि अभी किसी भी बच्चे की स्थिति उस तरह की नहीं पाई गई। इससे बच्चों की जान जा सके।

आलू के छिलके को गिरगिट समझ लिया

मध्य विद्यालय विष्णुपुर के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि खाना में रसोईया की गलती से आलू का छिलका पड़ा था। जिसे गिरगिट समझ लिया गया। बच्चों के बीच अफरातफरी मच गई। इसके बाद फौरन अभिभावक आए और अपने बच्चों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। घटना को लेकर बथनाहा बीडीओ अजीत कुमार प्रसाद ने बताया कि जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।